संख्या– 3038 / बयालिस–2010–31 / निर्माण / 2007

प्रेषक,

कुमार अरविन्द सिंह देव
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
खेलकूद उत्तर प्रदेश,
खेल निदेशालय, लखनऊ।

खेलकूद अनुभाग लखनऊ : दिनांक : 26 अक्टूबर, 2010

विषयः– जनपद–हरदोई के स्पोर्ट्स स्टेडियम में डारमेट्री के निर्माण हेतु पुनरीक्षित लागत की वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या–जी0–101 / 2008–09 दिनांक 10–5–2010 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश दिनांक 12 फरवरी, 2009 के द्वारा परियोजना की मूल लागत रू0 80.22 लाख के सापेक्ष रू0 32.00 लाख, तथा शासनादेश दिनांक 07 अगस्त, 2009 के द्वारा रू0 40.00 लाख अर्थात कुल धनराशि 72.00 लाख निर्गत की जा चुकी है । वर्तमान में उक्त कार्य की पुनरीक्षित लागत रू0 1,08,40,000 / = (रू0 एक करोड़, आठ लाख, चालीस हजार मात्र) एवं अन्तर की धनराशि रू0 36.40 लाख (छत्तीस लाख, चालीस हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो के अधीन श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते है :–

(।)– उपरोक्त स्वीकृत धनराशि रू0 36.40 लाख (छत्तीस लाख चालीस हजार मात्र) निदेशक खेल द्वारा कोषागार से आहरित करके संबंधित कार्यदायी संस्था उ0प्र0 विद्यायन एवं निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड को उपलब्ध करायी जायेगी। प्रश्नगत धनराशि की स्वीकृति चालू वित्तीय वर्ष में उपलब्ध परिव्यय एवं बजट सीमा के अन्तर्गत दी जा रही है।

(।।)– निर्गत की जाने वाली धनराशि का शत प्रतिशत व्यय कार्यो को पूर्ण करने के लिए इसी वित्तीय वर्ष में कर लिया जायेगा तथा कार्यो को स्वीकृत लागत में पूर्ण कर स्टेडियम को इसी वित्तीय वर्ष में क्रियाशील किया जायेगा। भविष्य में पुनरीक्षित लागत के प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जायेगा।

(।।।)–प्रस्तावित परियोजना के सम्बन्ध में शेष शर्त मूल शासनादेश सं0–196 / बयालिस–2009–31(निर्माण) / 2007 , दिनांक 12 फरवरी, 2009 के अनुसार लागू रहेगी।

2 / –

al-2009-10

2–उक्त मद पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2010–11 में अनुदान सं
लेखाशीर्षक–4202–शिक्षा खेलकूद कला तथा संस्कृति पर पूंजीगत
आयोजनागत–03 खेलकूद तथा युवा सेवा–800 अन्य व्यय–25 जिला योजना क
कार्यो के लिए एकमुश्त व्यवस्था–24 वृहद निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।
3–उक्त स्वीकृति वित्त विभाग के अशासकीय पंजी संख्या–ई–5–1233/दस/20
दिनांक 12 अक्टूबर, 2010 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय,

(कुमार अरविन्द सिंह देव)
प्रमुख सचिव।

संख्या–3038(1)/बयालिस–2010–तददिनांक ।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–
1– महालेखाकार, उ0प्र0 (लेखा एवं हकदारी)प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
2– महालेखाकार (लेखा परीक्षा)प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
3– कोषाधिकारी जवाहर भवन लखनऊ।
4– जिलाधिकारी, हरदोई ।
5– कीड़ाधिकारी, हरदोई ।
6– प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 विधायन एवं निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड, 19 विधान सभा मार्ग लखनऊ।
7– वित्त (आय–व्ययक)अनुभाग–1/2
8– वित्त (व्यय नियंत्रण)अनुभाग–5
9– वित्त एवं लेखाधिकारी, खेल निदेशालय लखनऊ।
10–नियोजन अनुभाग–4
11–मीडिया प्रभारी मा0 मुख्य मंत्री ,उ0प्र0 शासन।
12 –गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अनिल कुमार)
अनु सचिव।